तापमान

अधिकतम 42 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025



11 विधायक सावित्री जिंदल ने पार्कों और सार्वजनिक...





11 योग से असाध्य रोगों से छुटकारा पाना संभव : मुकेश




## खबर संक्षेप

### मोबाइल फोन व नकदी छीनने के दो गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने सेंट्रल जेल के सामने से मोबाइल फोन और नकदी छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें केमरी निवासी कार्तिक और महावीर कॉलोनी निवासी अजय उर्फ गोगड़ शामिल है। जांच अधिकारी एएसआई कर्मवीर ने बताया कि गंगवा निवासी रामकरण ने ऑटो चालक और उसके साथी द्वारा मोबाइल फोन और नकदी छीनने के बारे शिकायत दी थी। उसने बताया कि 9 अप्रैल को तड़के लगभग 2.25 बजे वह हरिद्वार से हिसार ट्रेन में आया था।

### 6.39 ग्राम हेरोइन सहित एक काबू

**हिसार।** नशा निरोधक पुलिस टीम ने गांव पीरांवाली से एक व्यक्ति को काबू करके 6.39 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव पीरावाली श्मशान घाट वाली गली से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुलवंत सिंह उर्फ ईकम बताया। तलाशी लेने पर उक्त कुलवंत सिंह उर्फ ईकम के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली में 6.39 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन कब्जे में लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### मोदी के आगमन को लेकर मार्केट में दिया न्योता

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को प्रस्तावित दौरे को लेकर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने राजगुरु मार्केट, हिसार में डोर टू डोर जाकर स्थानीय व्यापारियों को आमंत्रित किया। इस दौरान नलवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर पनिहार, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, पार्षद सुमन यादव, हरिसिंह सैनी, निखिल वर्मा, लोकेश असीजा, पिंकी शर्मा मौजूद रहे।

### डॉ. मस्त बाबा कैमरी में बनाएंगे महालक्ष्मी मंदिर

**हिसार।** श्रीमद्भागवत के प्रसिद्ध कथाकार एवं विश्व मंगल चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. मस्त बाबा ने गांव कैमरी में महालक्ष्मी मंदिर बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिये वे आवश्यक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। डॉ. मस्त बाबा ने बताया कि मंदिर बनाने के लिये भूमि पूजन समारोह में आने के लिये वे गत दिवस पनिहार गांव में विधायक रणधीर पनिहार से मिले तथा उन्हें बताया कि गांव कैमरी में महालक्ष्मी का मंदिर बनाया जाना है।

---

## पीएम मोदी के हिसार दौरे के लिए फाइनल रिहर्सल आज, दिन रात तैयारी में लगे अफसर

# 11 पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी, 37 डीएसपी सहित लगभग 2500 पुलिस कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जैसे-जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिसार आगमन की तिथि 14 अप्रैल नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे प्रशासन ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने रैली स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। शुक्रवार को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर फाइनल रिहर्सल जाएगी। फाइलन रिहर्सल के चलते नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल यहां पहुंचे रहे हैं।

खास खबर

फाइनल रिहर्सल में एसपीजी की टीम हर उस जगह का बारीकी से निरीक्षण करेगी, जहां-जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचेंगे। वीवीआईपी की सुरक्षा प्रबंध को लेकर एसपीजी अधिकारी शुक्रवार की सुबह अग्रिम सुरक्षा संपर्क (एएसएल) बारे स्थानीय अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। बैठक में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा राज्य व प्रदेश सरकार से जुड़े विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, हिसार एयरपोर्ट इंचार्ज, केंद्र के खुफिया विभाग के प्रतिनिधि, केंद्रीय मौसम विभाग के कार्यालय अध्यक्ष, भाजपा के हिसार व हांसी जिलाध्यक्ष समेत अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

### एसपीजी की टीम संभालेगी मोर्चा, चप्पे-चप्पे का करेगी निरीक्षण



हिसार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर प्रबंधों का जायजा लेते

### एयरपोर्ट परिसर वन्य प्राणी मुक्त

*सीएम के आदेश के बाद वन्य प्राणी विभाग ने एयरपोर्ट परिसर को वन्य प्राणी मुक्त कर दिया है। छह जिलों से आए करीब 400 से अधिक कर्मियों ने गुरुवार को दो वन्य प्राणी पकड़े। इसके बाद इस क्षेत्र को वन्य प्राणी जीव मुक्त करार देते हुए उच्च अधिकारियों को पत्र भेज दिया है। बता दें कि सीएम नायब सैनी ने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों के लिए दौरा किया था और वन्य प्राणी विभाग को तीन दिन में एयरपोर्ट परिसर में वन्य प्राणी मुक्त करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अधिकारियों ने 10 अप्रैल से पहले ही एयरपोर्ट परिसर को वन्य प्राणी मुक्त कर दिया।*

### पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। सुरक्षा के तहत रैली स्थल के आस पास नाकाबंदी की गई है और रैली में आने वाले आमजन की सुविधा के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। प्रधानमंत्री के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 11 पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी, 37 डीएसपी सहित लगभग 2500 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।*

### सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करेंगे : एसपी

*पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। रैली स्थल पर बैरिकेडिंग और क्राउड मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम मोहित मेहराणा, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, ओएसडी कमिश्नर जगदीप सिंह, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, आरटीए संजय बिश्नोई, जीएम रोडवेज डॉ. मंगल सेन, सीटीएम हरिराम, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

### यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले आगंतुकों के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। सिरसा, बरवाला और बगला की तरफ से आने वालों के लिए पुलिस लाइन एरिया, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, महिला कॉलेज, वॉटर वर्क्स पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। हांसी, रायपुर और मिर्जापुर की तरफ से आने वालो के लिए एमजी क्लब के पास, एचटीएम मिल की खाली जगह, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में पार्किंग व्यवस्था की गई है। साथ ही जींद , बरवाला, नरवाना और तलवंडी राणा से होकर आने वाले लोगों के लिए एयरपोर्ट के पीछे पार्किंग व्यवस्था की गई है।

### अधिकारियों ने रैली स्थल पर प्रबंधों का किया निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को हिसार में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को रैली स्थल पर प्रबंधों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडलायुक्त ए. श्रीनिवासन, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा, निगम आयुक्त नीरज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### मंडलायुक्त ने विभागों को सामंजस्य स्थापित करने के दिए निर्देश

मंडलायुक्त ए. श्रीनिवास ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों को सामंजस्य स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि रैली स्थल, एयरपोर्ट कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, बिजली, पानी, शौचालय, चिकित्सा सुविधाओं और मीडिया व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्था करें : डीसी

*उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि एसपीजी द्वारा 11 अप्रैल को एएसएल का आयोजन किया जाएगा। रैली स्थल के आसपास ट्रैफिक और पार्किंग की व्यवस्था को प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्थित किया जा रहा है। रैली स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली आपूर्ति और मेडिकल कैंप की सुविधा सुनिश्चित की गई हैं। रैली स्थल पर मंच और बैठने की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा स्थल की सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और आपदा प्रबंधन टीमें तैनात की गई हैं। प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के हिसार दौरे को लेकर सभी आवश्यक तैयारियाँ तेजी से पूरी की जा रही हैं। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।*

---

## नगर निगम द्वारा बनाई पेंटिंग होगी आकर्षण का केन्द्र : निगमायुक्त

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 अप्रैल के हिसार आगमन पर नगर निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता एवं सौन्दर्यकरण के कार्य निरंतर किए जा रहे है। इसके तहत शहर की हर सड़क की सफाई की जा रही है। डिवाइडर, पोल व सड़कों के किनारों की दीवारों को पेंट कर सुंदर बनाया जा रहा है। निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी दिन-रात शहर के सौंदर्यीकरण में जुटे हुए हैं। शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़ा जा रहा है। बीते 5 दिन में नगर निगम ने से अधिक 169 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण्य में पहुंचाया गया। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि गुरुवार को शहर के मुख्य मार्गों के साथ अन्य मार्गों के किनारों की सफाई की। जिसमें शुरुआत जिंदल चौक से की गई। जिंदल चौक के आस-पास के क्षेत्र में मेन रोड़ के पास की मार्केट की सफाई की गई। इसके अलावा कैमरी रोड, कैंट मेन गेट दिल्ली रोड़ की मार्केट, बरवाला चुंगी, तुलसी चौक इत्यादि विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों के द्वारा सफाई अभियान निरंतर जारी है।

---

खिड़कियां तोड़कर निकाला

## ट्रक व कार की आमने सामने की टक्कर में 2 दोस्तों की मौत

### एक इकलौता बेटा, तो दूसरा 2 बच्चों का पिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

तोशाम हांसी रोड स्थित हाजमपुर गांव के समीप बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों दोस्त कार में सवार होकर हांसी गांव लौट रहे थे। हाजमपुर गांव के समीप उनकी कार कार की सामने से आ रहे ट्रक के साथ टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक कार के अंदर फंस गए। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़ वहां से फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों तथा राहगीरों ने कार की खिड़कियां तोड़ दोनों को बाहर निकाला और उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया



हांसी। ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार।

जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान ढाणा खुर्द निवासी 22 वर्षीय मंजीत और सिवानी के गांव गंघाला निवासी 30 वर्षीय नवीन के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार दोनों अच्छे दोस्त थे और हांसी में किराए की दुकान लेकर कंप्यूटर रिपेयरिंग का काम करते थे। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच दोनों के शवों को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया जहां बृहस्पतिवार को परिजनों के बयान पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों में ढाणा खुर्द निवासी मंजीत परिवार व दो बहनों का इकलौता भाई था, जबकि नवीन दो बच्चों का पिता था, मौत से मचा कोहराम।

---

एसीएस ने जारी किए आदेश,

## गिरी गाज: कन्या भ्रूण हत्या से जुड़े ऑप्रेशन में फंसने पर जिले के डिप्टी सीएमओ सस्पेंड

### सस्पेंशन अवधि के दौरान भिवानी रहेगा मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वास्थ्य विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रभुदयाल को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड अवधि के दौरान उनका मुख्यालय भिवानी रहेगा। उनको भ्रूण हत्या से जुड़े एक मामले में सस्पेंड किया गया है।

बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को इस संबंध में शिकायतें मिल रही थी। इस पर विभाग के उच्चाधिकारियों ने हिसार व पंचकूला स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों की टीम गठित करके इस संबंध में ऑप्रेशन चलाने का निर्णय लिया। विभाग को मिली शिकायतें सही



पाई गई और विभाग की हिसार व पंचकूला की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जब ऑप्रेशन चलाया तो उसमें डॉ. प्रभुदयाल संलिप्त पाए गए। विभाग की टीमों ने पूरा ऑप्रेशन चलाकर डॉ. प्रभुदयाल की कन्या भ्रूण हत्या से जुड़े मामलों में संलिप्तता की पूरी रिपोर्ट विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी। बताया जा रहा है कि विभाग की टीमों ने 20 मार्च को इस कार्रवाई शुरू की थी।

### विभागीय टीमों ने किया ऑप्रेशन : सीएमओ

*जिले की सीएमओ डॉ. सपना गहलावत का कहना है कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर हिसार व पंचकूला से विभागीय टीमें गठित करके ऑप्रेशन चलाया गया। डॉ. प्रभुदयाल की संलिप्तता की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई, जिस पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है।*

### ऑप्रेशन को अंजाम दिया।

*आपरेशन पर संज्ञान लेते हुए हिसार के डिप्टी सिविल सर्जन एवं पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. प्रभुदयाल पर निलंबन की कार्रवाई की है। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की ओर से उनके सस्पेंड आदेश जारी किए गए हैं। नजदीकी गांव गंगवा निवासी डॉ. प्रभु दयाल हिसार में सबसे अहम माने जाने वाले पद पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर का चार्ज संभाले हुए थे।*

---

## मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने लगाई 97.65 लाख की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

साइबर ठगों द्वारा शेयर बाजार में रुपए लगाकर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक युवक को 97 लाख 65 हजार रुपए की चपत लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर थाना पुलिस ने सिसाय बोलान निवासी सुभाष पुरी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक दिन उसने मुझे कहा कि आप भी इसमें निवेश करके पैसा कमा सकते हो। मैने एक दो बार तो मना कर दिया। लेकिन उसके द्वारा बार-बार लालच देने पर मैं शेयर मार्केट मे निवेश करने के लिए राजी हो गया। तब उसने मझे बताया कि उसका असली नाम ओलिविया है। ओलिविया नामक महिला ने मेरे व्हाट्सअप पर मोबाईल नम्बर भेजकर मुझे मैसेज के माध्यम से कहा की इस मोबाईल नम्बर पर मेरा नाम लेकर अपना मैसेज करो और कहो की मैं ओलिविया का फेसबुक दोस्त हुं। मेरा शेयर मार्केट के लिए खाता खोल दो। जब मैने ओलिविया द्वारा भेजे गये मोबाईल नम्बर पर व्हाट्सअप चैट की तो सामने वाले ने अपना नाम शैरोम त्रिवेदी बताया।

### फेसबुक पर बनवाई थी आईडी

*पुलिस को दी गई शिकायत में पुरी ने बताया कि मेरे साथ पिछले 6 महीने से व्हाट्स ग्रुप के माध्यम से शेयर मार्केट मे निवेश के नाम पर आनलाईन वितिय फ्राड हो रहा है। मैंने सुभाष पुरी के नाम से फेसबुक पर अपनी फेसबुक आईडी बनाई हुई है। और 30 सितम्बर 2024 को मेरी फेसबुक आईडी पर अंजेलीना मीला नाम से फ्रैंड रिक्वेस्ट आई। और मेरी उससे फेसबुक मैसेंजर पर कुछ दिन बात हुई। उसके बाद उसने मेरा मोबाईल नम्बर ले लिया।*

---

## परिचालक से साइबर ठगों ने हड़प लिए 35 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राज्य परिवहन के परिचालक एवं जिले के हसनगढ़ गांव निवासी के गुलाबदीन के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बरवाला पुलिस को दी शिकायत में गांव हसनगढ़ के गुलाबदीन ने बताया कि वह रोडवेज में परिचालक है। गत तीन मार्च को शाम करीब 6 बजे ड्यूटी के दौरान उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से 45 हजार रुपये क्रेडिट होने का मैसेज आया। मैसेज को ठीक से पढ़ पाने से पहले ही उसी नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने रोते हुए बताया कि उसके बेटे के इलाज के लिए रखे 45 हजार रुपये गलती से उनके खाते में ट्रांसफर हो गए हैं और बेटा अस्पताल में भर्ती है। उसने रुपये वापस करने की गुहार लगाते हुए अपना गूगल पे नंबर 9226469126 दिया। गुलाबदीन ने ड्यूटी की व्यस्तता के बीच उसकी बातों में आकर अपने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से दो ट्रांजेक्शन में 20 हजार और 15 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

---

## सामान लेने हिसार आ रहे बाइक सवार दंपति को कंटेनर ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रायपुर चौक के पास हुए दर्दनाक हादसे में दंपति की मौत हो गई। हादसा तेल से भरे कंटेनर द्वारा बाइक को टक्कर मारने से हुआ जिससे बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सातरोड गांव के कृष्ण और उसकी पत्नी शकुंतला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कृष्ण बिजली का काम करता था। गांव में उसकी बिजली की दुकान थी। दंपति घरेलू सामान खरीदने के लिए हिसार आ रहे थे। रायपुर चौक के पास



हिसार। हादसे के बाद पलटा कंटेनर। फोटो :हरिभूमि

कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर बाइक को घसीटता हुआ ले गया। बाइक चला रहा कृष्ण कंटेनर के नीचे दब गया। कंटेनर पूरी तरह तेल से भरा हुआ था। कृष्ण के पिता प्रताप सिंह ने बताया कि उसका बड़ा बेटा कृष्ण और बहू शकुंतला घरेलू सामान खरीदने हिसार गए थे। इसी दौरान उन्हें हादसे की सूचना मिली। पिता ने बताया कि बेटे कृष्ण के दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी हैं जो अभी छोटे हैं। एक छोटा भाई और एक बहन भी है।

---

कार्रवाई | अधिकारियों का तालमेल न होने के चलते हिसार डिपो की बस नौहर में इंपाउंड

जीएम बोले, टाइम चेंज की आरटीओ को नहीं थी जानकारी

## राजस्थान में आरटीओ ने इंपाउंड कर दी रोडवेज के हिसार डिपो की बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राज्य परिवहन के हिसार डिपो अधिकारियों व राजस्थान परिवहन विभाग के अधिकारियों का तालमेल न होने के चलते हिसार डिपो की एक बस को नौहर में इंपाउंड कर दिया गया। बस को इंपाउंड किए जाने के बाद डिपो अधिकारी गुरुवार को पूरा दिन राजस्थान के परिवहन अधिकारियों से संपर्क साधकर जरूरी औपचारिकता पूरी करते नजर आए। बताया जा रहा है कि सूरतगढ़ से हिसार आ रही थी बस





को राजस्थान आरटीओ की टीम ने नौहर के इंपाउंड कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि रोडवेज चालक के पास आवश्यक कागजात नहीं थे। बस चालक विकास के अनुसार बस बुधवार दोपहर को सूरतगढ़ से हिसार आ रही थी। इसी दौरान उसे नोहर में आरटीओ टीम ने रोक लिया।

### रूट परमिट न होने के चलते चालान कर जब्त किया

उधर, डिपो के टीएम सुरेंद्र सिंह का कहना है कि उनकी रोडवेज बस को रूट परमिट न होने के चलते चालान कर जब्त किया गया है। बस के कागजात पूरे थे लेकिन उसकी टाइम टेबल के कागजात चालक के पास नहीं थे। टीएम ने बताया कि यह बस बीते पांच साल से इस रूट पर चल रही है। इसके टाइम टेबल को लेकर बीकानेर आरटीओ को लेटर लिखा गया है, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दोनों राज्यों के जीएम के बीच मौखिक रूप से इस पर सहमति बनी हुई थी।

### गंभीर बात नहीं

*ऐसी कोई गंभीर बात नहीं है। बस के सभी कागजात पूरे हैं। बस का टाइम थोड़ा चेंज हुआ था, जिसकी जानकारी राजस्थान आरटीओ टीम को नहीं थी। आवश्यक कार्रवाई के बाद बस को छुड़वा लिया जाएगा।*

*डॉ. मंगलसेन, जीएम, रोडवेज।*

---

## हौड़, दौड़ और मरोड़ में नहीं होती भक्ति : डॉ. स्वामी उमानंद

**हिसार।** रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 30वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमय हनुमान कथा के तीसरे दिन कथा व्यास डॉ. स्वामी उमानंद मानसमणि ने कहा कि यदि आप तीन में से कोई एक काम कर रहे हैं तो यकीन मानना कि हनुमानजी की कृपा आपको प्राप्त हो रही है। पहला यदि आप किसी के भजन में साथी बन रहे हैं। दूसरा यदि आप किसी दुखिया दिल की सेवा कर रहे हैं। तीसरा यदि आप किसी की निंदा और किसी से ईर्ष्या नहीं कर रहे हैं। हौड़, दौड़ और मरोड़ में भक्ति नहीं होती है। आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ कि चालाकी से किसी ने भगवान के दर्शन किए हों। भगवान को तो हमेशा सरल हृदय ही पसंद है। जो बीज आपने बोया ही नहीं, वह फसल कैसे काट लोगे।

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

# डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत
अलका जैन 'आराधना'

बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।



**जब नहीं पीने दिया गया पानीः** बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया-'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

**संविधान में दिया समानता का अधिकारः** जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव आंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**लें यह संकल्पः** बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दुनिया का काम

बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *




**किताबः** दुनिया का काम, **लेखकः** अखिलेश श्रीवास्तव चमन,
**मूल्यः** 150 रुपए, **प्रकाशकः** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी



# भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव हैं। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

### मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

**मावलिननॉन्ग** नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *




### जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'


**भारत में** गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

### गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

**मध्य प्रदेश** के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



### डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज



**डोंग गांव** को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

# उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी



पर्व
विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

**फसल तैयार होने की खुशीः** बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

**खालसा पंथ की हुई स्थापनाः** बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

**हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधितः** तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

**हर प्रांत में अलग नामः** बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता
केश लगाकर आगे बढ़ता।

2. कान है पर सुन नहीं सकता
पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।

3. हाथ है पर करता नहीं काम
रस है पर पीता नहीं श्याम।

4. हरि है पर नहीं है देवता
द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तरः 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार



# श्याम का गांव

श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

कविता / करुणा पांडे

## गूगल दादा


गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।



मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।




उत्तरः 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

## जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-148 का उत्तर :** 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

**जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक

## खबर संक्षेप



हिसार। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी।

### संजय सेहरा संरक्षक व विनोद गोयल चुने गए शाखा अध्यक्ष

■ अखिल भारतीय सेवा संघ हिसार शाखा के सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ शाखा हिसार की बैठक रेड स्कवेयर मार्केट स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सपड़ा ने की। इसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गए। बैठक में सर्वसम्मति से संजय सेहरा संरक्षक, विनोद गोयल शाखा अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजीव राजपाल सचिव व दीपक गर्ग को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सपड़ा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि वे सभी अपने सेवा कार्य पूर्व की भांति जारी रखें। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इन्द्र गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों का आभार जताया है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, प्रदेश सचिव संदीप भाटिया, विनोद वर्मा, गुलशन कथूरिया, विनोद सोनी, रंजीव राजपाल, राजेंद्र अग्रवाल, राकेश गुलाटी, सतीश भुटानी रहे।

### मजदूरी करने गए परिवार के घर से सामान चोरी

**फतेहाबाद।** राजस्थान में मजदूरी करने गए परिवार के मकान में घुसकर अज्ञात चोर लाखों के गहने व अन्य सामान चोरी कर ले गए है। परिवार जब राजस्थान से वापस लौटा तो उन्हें चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही भूना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संदीप ने कहा है कि वह भूना से मजदूरी करने के लिए राजस्थान में गए थे। इसी दौरान चोर उनके घर से सामान चोरी कर ले गए। अब जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि उसके मकान में चोरी हो गई थी। घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था।

## जिंदल ने पार्कों के रखरखाव और सुधार के लिए दिए आवश्यक निर्देश

# विधायक सावित्री जिंदल ने पार्कों और सार्वजनिक स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

विधायक सावित्री जिंदल ने शहर के विभिन्न पार्कों और सार्वजनिक स्थलों का दौरा किया। उन्होंने बारवाला चुंगी फ्लाईओवर पर वॉल पेंटिंग, जिंदल पार्क के सामने ऑटो मार्केट में परिवर्तित जीवीपी प्वाइंट, सेक्टर 14 सुभाष पार्क में शौचालय, सेक्टर 14 शिव पार्क, तलाकी गेट और डीसी कॉलोनी के पास कचरा जमाव क्षेत्र के बदले हुए रूप का निरीक्षण किया। बता दें कि कि इन स्थानों को अब नागरिकों के बैठने का स्थल बना दिया गया है। अर्बन एस्टेट के शाश्वत पार्क, सेक्टर 9-11 में शिवालिक पार्क और सेक्टर 9-11 में मॉडल पार्क का निरीक्षण किया। विधायक जिंदल ने इन सभी स्थानों पर पहुंचकर पार्कों की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पार्कों की साफ-सफाई, रखरखाव और वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पार्कों के रखरखाव और सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**यह रहे उपस्थित:** इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल, नगर पार्षद सरोज जैन, जगमोहन मित्तल, संजय डालमिया, सुमन यादव, टीनू जैन, प्रवीण कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





हिसार। सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण करती विधायक सावित्री जिंदल तथा जल निकासी के विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

### सार्वजनिक स्थलों को सुंदर बनाना प्राथमिकता : जिंदल

विधायक जिंदल ने कहा कि शहर के पार्कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्कों में बच्चों और बुजुर्गों के लिए पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने जनता से भी पार्कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की।

## जनता की सुविधा के लिए प्रदेश में मजबूत किया जा रहा आधारभूत ढांचा: रणबीर गंगवा

■ कैबिनेट मंत्री ने किया 38 .60 लाख के जल निकासी विकास कार्यों का शिलान्यास

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हिसार द्वारा सेक्टर 1 एवं 4, 3 एवं 5 तथा एमजीए क्षेत्र में वर्षा जल निकासी के 38.60 लाख रुपए के जल निकासी विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य में आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है। यह परियोजना न केवल नागरिकों के जीवन को सुविधाजनक बनाएगी बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत संबंधित क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी की आधुनिक एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यह कार्य हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया है, जिससे नागरिकों को जल भराव की समस्याओं से राहत मिलेगी एवं शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे को लगातार मजबूत किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। शिलान्यास समारोह में पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, पार्षद मनोहर लाल वर्मा, अशोक मित्तल, पार्षद प्रतिनिधि जयप्रकाश, सुभाष जांगड़ा, बनवारी लाल, उप मंडल अभियंता अनूप सिंह, कार्यकारी अभियंता भूपेंद्र सिंह, अशोक मित्तल, संजय सुरा, अजय कुमार, राजू शर्मा, अभिषेक शर्मा, रमेश चंद्र, साधु राम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



हिसार। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने दिखाई मार्केटिंग कौशल में अपनी प्रतिभा

### बाजार की समझ और संचार क्षमताओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस ने एलीवेटर पिच 7 .0 का आयोजन

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) के मार्केटिंग क्लब की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में अपनी वार्षिक बिक्री पिच प्रतियोगिता 'एलीवेटर पिच 7.0' के सातवें संस्करण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्ट्रीम से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने बिक्री कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सीमित समय सीमा में अपने उत्पाद या सेवाएं प्रस्तुत की, जिसमें उनके मार्केटिंग कौशल, बाजार की समझ और संचार क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने वाले निर्णायक मंडल में कमल कांत खत्री, प्रबंधक, सीई बिजनेस - सैमसंग, प्रो. दलबीर सिंह और डॉ. कोमल ढांडा शामिल थे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन उनकी बिक्री रणनीतियों, प्रस्तुति कौशल और बाजार की समझ के आधार पर किया। एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिक्री एक महत्वपूर्ण कौशल है जो प्रत्येक प्रबंधन विद्यार्थी के पास होना चाहिए। यह वास्तव में एक व्यक्ति को पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में दूसरों को समझाने में मदद करता है। कार्यक्रम के समापन पर प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, प्रो. कर्मपाल नरवाल और कमल कांत खत्री ने प्रतिभागियों और विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने भविष्य की तैयारियों, वर्तमान बाजार स्थितियों और प्रतिस्पर्धी बिक्री और विपणन कौशल के विकास के बारे में प्रेरक अंतर्दृष्टि सांझा की।

## स्मॉल वंडर स्कूल के छात्रों को मिले मेडल व सर्टिफिकेट

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का पुरस्कार से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




हिसार। मैथ्स ओलंपियाड में मेडल करने वाले स्मॉल वंडर स्कूल के छात्र। फोटो : हरिभूमि

सैक्टर-15 स्थित स्मॉल वंडर सैक्टर-15 के होनहार विद्यार्थियों का ओलंपियाड का परिणाम घोषित किया गया जिसमें मैथ्स ओलंपियाड विषय में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मैडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन कक्षा एक के महादेव ने प्राप्त किया। इसी क्रम में गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस में मैथ्स में राम, यानवी, आत्मजा, रक्षित, दिव्यांश, जसिका, रक्षित सैनी, शौर्य प्रताप गोदारा, झलक, कनिष्का गाबा, आर्य पूनिया, निष्ठा, जियाना, लक्षिता व लावन्या ने प्राप्त किए। प्राचार्या तरुण कुहाड़ ने छात्रों को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी व इसी तरह आने वाली परीक्षाओं में अपना उत्कृष्ट प्रर्दान व ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## वकीलों ने की एक दिन की सांकेतिक हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ नायब तहसीलदार के अभद्र व्यवहार के विरोध में वकील लामबंद

■ वकीलों की सुरक्षा व गरिमा से नहीं होने देंगे खिलवाड़ : संदीप बूरा

■ जिला बार में आज रहेगी वकीलों की हड़ताल

जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक हाल ही में उकलाना में नायब तहसीलदार और अधिवक्ता के बीच हुए विवाद के मुद्दे पर हुई।

बैठक में बार के प्रधान संदीप बूरा, सचिव समीर भाटिया उकलाना तहसील के संबंधित अधिवक्ता और हिसार बार के सदस्य दुष्यंत नैन ने घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कहा गया कि यह घटना 8 अप्रैल को उकलाना तहसील में हुई जब एक जमीन की रजिस्ट्री को लेकर नायब तहसीलदार और अधिवक्ता दुष्यंत के बीच कहासुनी हो गई। इस दौरान नायब तहसीलदार ने अधिवक्ता के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया और उनके स्टाफ ने अधिवक्ता नैन को धक्का देकर कार्यालय से बाहर निकाल दिया। इसके बाद तहसीलदार और उनका स्टाफ झगड़े पर उतारू हो गया।

बार के प्रधान संदीप बूरा ने बताया कि इस घटना की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है।

उन्होंने कहा की वकीलों की सुरक्षा और गरिमा से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा । कार्यकारिणी समिति ने इस मामले की कड़े शब्दों में निंदा की और अधिवक्ता के समर्थन में 11 अप्रैल को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल का फैसला लिया। साथ ही संबंधित अधिवक्ता द्वारा तहसीलदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बैठक में उपप्रधान विकास पूनिया, सचिव समीर भाटिया, सहसचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, अधिवक्ता जगदीश बिश्नोई, सुरेंद्र आनंद, महेंद्र नैन, प्रेमचंद मित्तल, अनेंदर लोरा, प्रदीप बाजिया, बंसीलाल गोदारा, कलम सिंह सहरावत, दिक्षेश जाखड़ व बजरंग इंदल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गुरु जम्भेश्वर विवि में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हुआ एक विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित विषय विशेषज्ञ डा. संगीता चहल के साथ विभाग के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशेष व्याख्यान में स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षाविद और विशेषज्ञ डॉ. संगीता चहल ने 'स्वस्थ शुरूआत, उज्ज्वल भविष्य' विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार सांझा किए। खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आराधिता बी. रे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अपने प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की आयोजक विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर अल्का शर्मा थी। उनके साथ वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर एमबी बेरा, प्रोफेसर मनीष कुमार और विभाग के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय इंजीनियर नेहा यादव ने किया। अपने संबोधन में, डॉ. संगीता चहल ने विशेष रूप से एक बच्चे के जीवन के शुरुआती 1000 दिनों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह अवधि बच्चे के स्वस्थ विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। डॉ. चहल ने कहा कि शुरूआती 1000 दिनों में उचित और पौष्टिक भोजन के साथ-साथ आवश्यक पोषक तत्वों का सेवन बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास की नींव रखता है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इस महत्वपूर्ण अवधि में पोषण संबंधी कमियां बच्चे के भविष्य के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। डॉ. चहल के ज्ञानवर्धक व्याख्यान ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली और विशेषकर बचपन के पोषण के महत्व के बारे में गहराई से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बीएससी, बीटेक, बीवोक, एमएससी और एमटेक खाद्य प्रौद्योगिकी के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



हिसार। भव्य शोभा यात्रा निकालता सकल जैन समाज। फोटो : हरिभूमि

■ जैन धर्म के अनुयायियों ने शहर में निकाली भव्य रथ यात्रा

### सकल जैन समाज ने मनाया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

**हिसार।** जैन धर्म के वर्तमान शासन नायक 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव में जैन धर्म के तीनों पंथ, एक साथ एक मंच से ही इस महामहोत्सव को *सकल जैन समाज* के तहत मनाया। गुरुवार को भगवान के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर मेयर प्रवीण पोपली ने शिरकत की। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत, अतिथिगण द्वारा मंगल दीप प्रज्वलन के द्वारा की गई। सकल जैन समाज की तरफ से उपप्रधान आलोक जैन एडवोकेट ने बताया कि इस आयोजन में श्री श्वेताम्बर तेरापंथ सभा से पूज्य गुरुदेव मुनि रणजीत कुमार महाराज एवं श्री एसएस जैन सभा से पूज्य गुरुदेव उपेन्द्र मुनि महाराज द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी जैन धर्म के अनुयायियों को अपने आशीर्वचनों से अनुगृहित किया। बाद में भव्य रथ यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से निकली जैन औषधालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर, तलाकी गेट, गुलाब सिंह चौक, वकीलन बाजार, मोती बाजार, गांधी चौक, आर्य बाजार और राजगुरु मार्केट होते हुए नागोरी गेट स्थित बड़ा जैन मंदिर पर संपन्न हुई।



बरवाला। उस्ताद मामन खान की धर्म सभा में उपस्थित परिजनों समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

### उस्ताद मामन खान भारतीय संगीत की धरोहर थे

**बरवाला।** गांव खरकपूनियां में जन्मे सारंगी वादक राष्ट्रपति अवार्ड से अलंकृत, हरियाणा कला रत्न एवं आकाशवाणी सरस्वती अवार्ड से सम्मानित उस्ताद मामन खान भारतीय संगीत की धरोहर थे। युवा समाजसेवी वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि उस्ताद मामन खान संगीत कला के पारखी हीरे थे जिन्होंने अनेक फिल्मों में सारंगी की धुन से संगीत दिया एवं अनेक देशों में सारंगी वादन की कला का प्रदर्शन किया। आज उस्ताद मामन खान की प्रथम बरसी पर गांव खरक पुनियां में हवन यज्ञ एवं धर्म सभा का आयोजन किया गया, जिसमे प्रदेश भर के कलाकार एवं रंगकर्मियों ने भाग लिया।



हांसी। महावीर जयंती पर प्रभातफेरी निकालते जैन समाज के सदस्य ।

### महावीर जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

■ भगवान महावीर स्वामी का गुणगान किया

**हांसी।** तेरापंथ समाज व 22 टोले समाज ने महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार सुबह 5.30 बजे सामूहिक रूप से प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी तेरापंथ स्थानक से शुरू होकर किला बाजार, चोपटा बाजार, सदर बाजार, बजरिया बाजार, धन्नी घाटी, प्रताप बाजार, डडल पार्क, लाल सडक होते हुए वापिस तेरापंथ भवन में पहुंची। प्रभात फेरी के दौरान डडल पार्क में 22 टोले समाज ने प्रभात फेरी में भाग लेने वालों को प्रसाद का वितरण किया। इस उपरांत प्रातः 9.30 बजे तेरापंथ भवन में शासन श्री साध्वी भाग्यवती के सान्निध्य में महावीर जयंती का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर साध्वियों ने भगवान महावीर स्वामी का गुणगान किया। सन्तोष जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। तेरापंथ महिला मण्डल की बहनों द्वारा गीतिका प्रस्तुत की गई। प्रेम जैन ने भी गीतिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर दर्शन जैन, अशोक जैन, चिराग जैन ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। मंच का संचालन रविन्द्र जैन ने किया। जैन विद्या के सभी परिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। एआईआर-1 अर्हम जैन व एआईआर-2 मुस्कान जैन को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। प्रभात फेरी में विनय जैन, गौरव जैन, प्रीतम जैन, नरेन्द्र जैन व राहुल जैन सहित काफी संख्या में समाज के गणमान्य पुरूष व महिलाओं शामिल ने भाग लिया।



हांसी। सालासर बालाजी धाम महोत्सव को लेकर आयोजित कलश यात्रा में भाग लेती श्रद्धालु महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### हनुमान जन्मोत्सव पर 1100 कलशों के साथ निकाली यात्रा

**हांसी।** सालासर बालाजी धाम के 14वें स्थापना दिवस आयोजित छह दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में एक वेशभूषा में 1100 से अधिक महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर शहर की परिक्रमा की। श्री सालासर मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा पूरे शहर की परिक्रमा करते हुए वापस सालासर बालाजी धाम मंदिर पहुंच सम्पन्न हुई। बता दें कि कालेज रोड स्थित सालासर बालाजी धाम मंदिर के 14वें स्थापना दिवस पर 8 से 11 अप्रैल तक स्थापना महोत्सव मनाया जा रहा है। स्थापना महोत्सव का शुभारंभ 8 अप्रैल को अखंड ज्योत प्रज्वलन और 9 अप्रैल के दिन राम नाम की मेहंदी का आयोजन किया गया था।

## निशुल्क योग शिविर में प्रिंसिपल व शिक्षाविदों ने शिरकत करके बढ़ाया हौसला

# योग से असाध्य रोगों से छुटकारा पाना संभव : मुकेश

■ स्वदेशी जागरण मंच ने लगाया शिविर, नागरिकों ने किया योग क्रियाओं का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कपड़ा मार्केट के पास स्थित जिंदल पार्क में चल रहे निशुल्क योग शिविर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रिंसिपल, शिक्षाविदों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिरकत करके हौसला बढ़ाया। इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच व पतंजलि योग समिति ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों को सम्मानित किया। प्रसिद्ध योग शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार ने योग क्रियाएं करवाते हुए विभिन्न आसनों व प्राणायाम की जानकारी दी। उन्होंने दिनचर्या में योग क्रियाओं की उपयोगिता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. मुकेश ने कहा कि योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने से बहुत से असाध्य रोगों से भी हमेशा के लिए छुटकारा पाया जा सकता है। योग शिविर के दौरान जाट कॉलेज के प्रिंसिपल कपिंद्र सिंह, कुलदीप आर्य, रविंद्र गोयल, गवर्नमेंट स्कूल की प्रिंसिपल मंजू, शिक्षाविद् डॉ. गीतू धवन, प्रो. सुमित्रा सिंह, डॉ. विनीता माथुर, डॉ. वंदना गुप्ता, हेमलता, प्रेम महता, योग शिक्षिका कविता, डॉ. वंदना बिश्नोई, संतोष सहारण, ब्रांच मैनेजर ममता व हैड कैशियर ज्योति सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान संजीव शर्मा, सह-संयोजक मोना जैन व विनय असीजा, कार्यक्रम प्रमुख दिनेश चुघ, सह-कार्यक्रम प्रमुख सुमन ऐरन, पुनीत खुराना व सोनिया श्योदान, योग प्रकल्प प्रमुख नरेंद्र वशिष्ट, कार्यक्रम व्यवस्था प्रमुख देवेंद्र अग्रवाल व जगबीर सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हिसार। स्वदेशी जागरण मंच के निशुल्क योग शिविर में योगाभ्यास करते साधक। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### श्री पंचमुखी बालाजी धाम में जागरण कल

**हिसार।** निकटवर्ती गांव चौधरीवास में स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम में 12 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती महोत्सव व विशाल मेले का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की विस्तृत जानकारी में धाम से जुड़े मुख्य सेवादार नवनिर्वाचित पार्षद सजंय डालमिया ने बताया कि,धाम के परमपूज्य गुरुवर भाई जी पवन कुमार जोशी के सानिध्य में धाम के पुजारी भाईजी सोनू जोशी व भाईजी मोनू जोशी की देखरेख में चैत्र सुदी नवमी पर अखंड नवदिवसिय श्री हनुमान जयन्ती महोत्सव का शुभारंभ 6 अप्रैल को प्रारंभ हो चुका है।

### ओरिएंटेशन प्रोग्राम व पेरेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन

**हिसार।** अर्बन एस्टेट स्थित विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को एक विशेष ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं पेरेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माता-पिता को विद्यालय की कार्य प्रणाली, बच्चों की आवश्यकताओं एवं उनके सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

### आरडीएम में हवन के साथ हुआ नए सत्र का शुभारंभ

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। हवन में प्रबंधन समिति के निदेशक डॉक्टर केसी शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ शालू एस कटारिया सहित आरडीएम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने मंत्रोच्चारण करते हुए हवन में पूर्णाहुति डाली और प्रसाद ग्रहण किया। आर आरडीएम ग्रुप के अध्यक्ष क्रिश्चियन चंद शर्मा ने कहा कि मंत्र का उच्चारण हवन हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है तभी हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया जाता है।

### दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट का आरोप

**हांसी।** दहेज के लिए विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने का मामला प्रकाश में आया है। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर पति कृष्ण, सास गुड्डी और ननद संतोष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में नारनौद निवासी पुनम ने बताया कि उसकी शादी 21 जनवरी 2011 में खरड़ अलीपुर निवासी कृष्ण कुमार के साथ हुई थी। शादी में उसके परिवार ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था। विवाहिता के मुताबिक शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विवाहिता ने बताया कि शादी के बाद उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें से एक बेटी मानसिक रूप से दिव्यांग है। महिला का आरोप है कि जब वह 5-6 महीने की गर्भवती थी, तब उसके पति कृष्ण व सास गुड्डी व ननद संतोष ने उसे इतना पीटा कि उसके सिर में गंभीर चोट आई थी।

## कैबिनेट मंत्री गंगवा ने बरवाला अनाज मंडी का किया निरीक्षण

# अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश

अनाज मंडी का दौरा कर विधायक भयाना ने लिया खरीद का जायज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने गुरुवार को अनाज मंडी का निरीक्षण कर रबी फसल खरीद प्रबंधन का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री ने किसानों व व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के तुरंत समाधान के निर्देश दिए और सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए और किसानों के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बरवाला मंडी में आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने, भंडारण व्यवस्था सुधारने और किसानों की सुविधा के लिए और बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन रमेश बैटरी वाला, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, रामकेश बंसल, अशोक मित्तल, देव शर्मा, विनोद मित्तल, सुरेश, अजमेर सिवाच मौजूद रहे।



बरवाला। फसल खरीद प्रबंधों का जायजा लेते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।




मंडी आदमपुर। गेहूं खरीद का जायजा लेते कुलदीप बिश्नोई।

### पूर्व सांसद ने उठान का जायजा लिया

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि आदमपुर क्षेत्र के नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। आदमपुर में विकास कार्य चल रहे हैं जिसके चलते लोगों को कुछ परेशानियां जरूर हो रही हैं लेकिन काम ऐसा हो जाएगा कि आप लोगों को आने वाली पीढ़ी को भी इसका फायदा मिलेगा। कुलदीप बिश्नोई गुरुवार को आदमपुर में अपने आवास पर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को उनके निपटान बारे बातचीत कर रहे थे। इसके पश्चात उन्होंने मंडी में गेहूं व सरसों के उठान का जायजा लिया और किसानों को आ रही समस्याओं के बारे में जाना। इस मौके पर विधायक रणधीर पनिहार भी उनके साथ थे। इस मौके पर विनोद इलाहाबादी, हंसराज चावला, गोविंद मुंडा, नवीन मोगा, सुरेश मक्कड़, वीर सिंह राहड मौजूद रहे।

### किसानों को फसल बिक्री में नहीं होने दी जाएगी परेशानी : भयाना

**हांसी।** विधायक विनोद भयाना ने गुरुवार को अनाज मंडी का दौरा कर रबी सीजन की फसल खरीद के प्रबंधों का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों तथा किसानों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और फसल खरीद का कार्य पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। भयाना ने अनाज मंडी में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। किसानों ने फसल की तुलाई, भुगतान प्रक्रिया और लिफ्टिंग में हो रही प्रगति की जानकारी सांझा की। विधायक ने मंडी में मौजूद मार्केट कमेटी के अधिकारियों, फूड सप्लाई विभाग तथा आढ़तियों के साथ बैठक कर प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फसल खरीद और उठान की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक भयाना ने किसानों से भी मंडी में चल रही व्यवस्थाओं पर फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर मंडी सचिव अमित रोहिल्ला, अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान राम अवतार तायल, प्रीतम जैन, राजेश लांबा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, आढ़ती, काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



हांसी : अनाज मंडी में फसल खरीद प्रबंधों का जायजा लेते विधायक विनोद भयाना

## जिंदल स्टेनलेस में एलएनजी वाहनों का उपयोग शुरू



हिसार। वाहन को रवाना करते जिंदल स्टेनलेस के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिंदल स्टेनलेस हिसार ने कार्बन उत्सर्जन में कटौती और स्वच्छ परिवहन तकनीकों को अपनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब यूनिट में रॉ मटेरियल की ढुलाई के लिए एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) चालित वाहनों का नियमित रूप से उपयोग किया जाएगा। इस पहल की शुरुआत आज हिसार प्लांट में एक फ्लैग-ऑफ समारोह के माध्यम से की गई,जिसमें पहली खेप एलएनजी वाहनों के ज़रिए संयंत्र में पहुंचाई गई। जिंदल स्टेनलेस ने वर्ष 2050 तक नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य तय किया है, और यह पहल उस दिशा में एक ठोस कदम है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं इकाई प्रमुख विजय कुमार बिंदलिश ने इस अवसर पर कहा कि हमारे लिए सतत विकास केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक कार्य संस्कृति है। रॉ मटेरियल के परिवहन में एलएनजी वाहनों का उपयोग न सिर्फ हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगा, बल्कि उद्योग में स्थायी परिवहन के लिए एक नई दिशा भी तय करेगा। इन पांच एलएनजी वाहनों के माध्यम से अगले पांच वर्षों में करीब 56,490 किलोग्राम सीओटूई उत्सर्जन में कमी का अनुमान है, जो पर्यावरणीय रूप से उतना ही प्रभावी है जितना कि 7,110 पेड़ लगाना। जिंदल स्टेनलेस एक स्थायी भविष्य की ओर अग्रसर है, और इस दिशा में नवाचार व पर्यावरणीय प्रभाव में कटौती के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# शिवपुराण कथा में उमड़े श्रद्धालु, खूब झूमे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रत्येक साधक शिव भक्त को महाशिवरात्रि का व्रत अवश्य करना चाहिए। महाशिवरात्रि के व्रत से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और उस भक्त पर शिव भगवान की कृपा बरसती है। यह बात महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी जी महाराज ने श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट की ओर से संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के सानिध्य में चल रही श्री शिवपुराण कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।

कथा के चौथे दिन वीरवार को उन्होंने श्रद्धालुओं से लबालब भरे पंडाल को संबोधित करते हुए महाशिवरात्रि व्रत की महिमा बताई और कहा कि महाशिवरात्रि व्रत का खास महत्व है। जो व्यक्ति शिव मंदिर में चार पहर रात्रि में पूजा करके रात्रि में अभिषेक करता है, उसे शिव की भक्ति प्राप्त होती है। साध्वी करूणागिरी महाराज ने कथा के दौरान सृष्टि का वर्णन, गुणनिधि राजा की कथा, महाराज रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ की कथा भी सुनाई। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मुख्य अतिथि नलवा विधायक रणधीर पनिहार, प्रमुख समाजसेवी संजय गुप्ता, मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक, विवेक गोयल, साहिल गोयल विंध्या पाइप, पार्षद संजय डालमिया, कैलाश चौधरी, बंटी गोयल, बुधला संत मंदिर कमेटी, शेरसिंह गुज्जर व श्यामलाल बबेजा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन ओमप्रकाश असीजा ने किया। इस अवसर पर सचिव सुरेंद्र सिंगला, प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, उपप्रधान रमेश लोहिया, प्रिंसिपल सतेंद्र गोयल, दलीप जागड़ा, कैलाश सिंगला नरवाना, कृष्ण लाल बागड़ी मौजूद रहे।




मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक को सम्मानित करते श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग। फोटो : हरिभूमि

# एचएयू छात्र अमेरिका में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के छात्र रोहित धारीवाल का चयन अमेरिका की शीर्ष यूनिवर्सिटियों में से एक लिंकन यूनिवर्सिटी, मिसौरी, अमेरिका में हुआ है। हिसार के गांव सुलतानपुर के रोहित अमेरिका में डॉ. अनिथा चितूरी के दिशा-निर्देश में एमएससी की डिग्री हासिल करेंगे जिसके दौरान उन्हें लगभग दो लाख रुपये प्रतिमाह छात्रवृति के साथ-साथ टयूशन व छात्र स्वास्थ्य बीमा का लाभ भी दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने विद्यार्थी के चयन पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका की लिंकन यूनिवर्सिटी में रोहित का चयन विश्वविद्यालय में अपनाए जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। रोहित का मार्गदर्शन पौध रोग विभाग के वैज्ञानिक डॉ. विनोद मलिक ने किया। साथ ही डॉ. हरदीप सिंह ने भी हरसंभव सहायता की। रोहित ने आईलिटस में सात बैंड और जीआरई में 340 में से 301 अंक हासिल किए व इंटरव्यू में भी बेहतर प्रदर्शन किया। रोहित ने पढ़ाई के साथ-साथ विश्वविधालय के माउंटेनिरिंग क्लब, क्विज कंपीटिशन व एनसीसी में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।



हिसार। एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ रोहित व अन्य।

# सिलाई कढ़ाई सेवा केंद्र का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

सेवा भारती इकाई बरवाला द्वारा चौथा सेवा का प्रकल्प निशुल्क सिलाई कढ़ाई केंद्र का उद्घाटन वार्ड नंबर 10 में स्थित रिटायर्ड मुख्याध्यापक रमेश सिंगला के आवास पर विधिवत रूप से हवन यज्ञ के द्वारा किया गया। सेवा भारती इकाई बरवाला के पदाधिकारी प्रवीण खटक ने बताया कि यह हवन यज्ञ पुरोहित की देखरेख में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पूरे मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस दौरान मास्टर रामलाल और उसके परिवारजनों ने सेवा भारती को चार कुर्सियां एवं एक मेज दानस्वरूप भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सर्राफ, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुनीश गोयल, अंतरराष्ट्रीय अवार्डी महेंद्र सेतिया, पार्षद सुमन नोथावत, मास्टर सुरेंद्र कुमार, प्रधान राजबीर वर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश सिंगल, प्रवीण खटक, सोनी, मास्टर कृष्ण कुमार, एडवोकेट रवि हंस , राजकुमार हंस व हेतराम बिश्नोई मौजूद रहे।



# एयरपोर्ट का लोकार्पण ऐतिहासिक पल : सत्यप्रकाश

- भाजपा कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिसार आगमन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता व जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता रहे जबकि बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार इंदौरा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि यह ऐतिहासिक पल होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के दिन हिसार हवाई अड्डा जनता को समर्पित करेंगे। इससे न केवल अनुसूचित जाति वर्ग बल्कि प्रदेशभर की जनता में खुशी है।

अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार इंदौरा ने बैठक में मोर्चा की ओर से की जा रही तैयारियों का ब्यौरा दिया। बैठक में ज़िला महामंत्री संजीव रेवड़ी, एएसी मोर्चा प्रदेश सचिव भारत भूषण, बहादुर सिंह नंगथला, सतीश सुरलिया, अमर पातड़, महेंद्र सिंह पानू, जोगीराम खुंडिया, पार्षद गुलाब सिंह धानक, राजेन्द्र बिड़लान व जयप्रकाश मौजूद रहे।



हिसार। बैठक का शुभारंभ करते सत्यप्रकाश जरावता, जिलाध्यक्ष आशा खेदड़ व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# मंदिर श्री लक्ष्मण चौतरा में आज शुरू होगा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

शेषावतार भगवान श्री लक्ष्मण जी की पावन स्थली सिसाय पुल स्थित मंदिर श्री लक्ष्मण चौतरा पर 68वां बैसाखी मेला महोत्सव 11 से 14 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मेले में इस बार चारों दिन श्री राधा नाम संकीर्तन होगा। साथ ही संतों के आशीर्वचन भी होंगे। वहीं नहर में पानी आने पर पावन स्नान व मुंडन संस्कार भी होंगे। मंदिर के महंत माधव बावा व सरपरस्त बक्शी लाल ठकराल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मेले के प्रथम दिवस 11 अप्रैल को शाम चार बजे नगर कीर्तन निकाला जाएगा। इसमें शहर के पीयूष शैली, जोनी बांगा, दीपक नागपाल सहित विभिन्न भजन रसिक हरि नाम संकीर्तन करेंगे। नगर कीर्तन मंदिर से चलकर गोसाईं गेट, गोल कोठी, धोला कुआं, प्रताप बाजार, छाबड़ा चौक, सदर बाजार, चौपटा, लाल सड़क, डडल पार्क होते हुए वापिस मंदिर पहुंचेगा। 12 अप्रैल को शाम पांच बजे से वृंदावन से आए बृज रसिक भैया श्यामा श्याम भजन वर्षा करेंगे। 13 अप्रैल शाम पांच बजे हिसार से आए भैया दिव्य दास भजन वर्षा करेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे भाजपा के मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना ने बताया कि 14 अप्रैल को बैसाखी मेले के दिन सुबह चार बजे से पावन स्नान होगा। सुबह 6 बजे हवन यज्ञ होगा। सुबह दस बजे से दोपहर 2 बजे तक भजन सत्संग होगा।

**धर्म-कर्म**

## आर्य विद्वानों ने दूसरे दिन वेद कथा सुनाकर मार्ग दर्शन किया

# आर्य समाज के 150 वें स्थापना वर्ष पर हवन कर आहूति डाली

आर्य समाज, मॉडल टाउन में चल रहा है कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज, मॉडल टाऊन में चल रही वेद कथा की दूसरे दिन की शुरुआत हवन-यज्ञ से की गई। आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने बताया कि हवन में राजकुमार डूडेजा, मदन वासुदेव, विद्यासागर खन्ना, मोहनलाल शर्मा, सन्नी आर्य सपत्नीक यजमान रहे। इनके अलावा उपस्थित लोगों ने हवन में आहुतियां डाली। हवन उपरांत वेद कथा की शुरुआत करते हुए यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने भजन वेद को पढ़ना पढ़ाना चाहिए, वेद को सुनना-सुनाना चाहिए, गाकर वेदों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।



आर्य समाज मॉडल टाऊन में आयोजित वेद कथा में प्रवचन देते स्वामी सच्चिदानंद महाराज व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### भजन सुनाए

मुजफ्फरनगर से पधारी सुकीर्ति आर्या ने पी प्रभु ज्ञान का जल रे मना... सत्संग वाली नगरी चल रे मना... एवं कर ले भला होगा भला अंत भला है, बस यही संसार में जीने की कला है, भजन सुना कर वेद कथा की आवश्यकता का महत्व बताया। इस अवसर पर आर्य समाज से जुड़े जगदीश प्रसाद आर्य, वीरेंद्र, पवन रावलवासिया, सुभाष आर्य, वेद प्रकाश आर्य, आनन्द गर्ग, सुरेन्द्र बेरवाल, ईश आर्य, उमा अग्रवाल, सुमन बत्रा, सुनीता सहारण, सविता वेदांशु, रेखा गौतम, ललिता उपस्थित रहे।

### ईश्वर को साकार मानने से सर्वज्ञता और अनन्तता समाप्त हो जाती है

अजमेर से आए स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने मुख्य वक्ता के रुप में बोलते हुए कहा कि ईश्वर हर जगह व्याप्त है। यदि वह निराकार सर्वव्यापक सर्व और शक्तिमान न हो तो सब कुछ कैसे जान सकता है। साकार व्यक्ति एकदेशीय होता है, वह व्यापक न होने से सब जगह की बातें नहीं जान सकता। सीमित वस्तु के गुण और स्वभाव भी सीमित ही रहते हैं। ईश्वर को साकार मानने से उसकी सर्वज्ञता और अनन्तता समाप्त हो जाती है।